Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Regarding condition of National Highways in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान बिहार की सड़कों की ओर आकृट कराना चाहता हूं। बिहार में जितने राट्रीय उच्च पथ हैं, सबकी हालत बहुत खराब है। पिछले दो वर्ों से वहां पर लगभग 890 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए राशि आबंटित की गई है और अभी तक कोई काम नहीं हुआ है। सभी सड़कों की हालत बहुत खराब है। वहां चलना दूभर हो गया है। जो नियम और प्रक्रिया इन्होंने अडॉप्ट की है, उसकी वजह से कोई कॉनट्रैक्टर वहां नहीं आ पा रहा है जिससे काम नहीं हो रहा है। पहले से जो काम राट्रीय उच्च पथ में स्वीकृत है, उसमें भी काम नहीं हो पा रहा cè[h79]।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि राट्रीय उच्च पथ की हालत सुधारिए। जो राशि आपने चार लेन के लिए आबंटित की है और कई सड़कों निर्माण के लिए आपने जो पैसा दिया है, उस पैसे को खर्च करने के लिए आप यथाशीघ्र व्यवस्था करें। मैं खास तौर से राट्रीय पथ एनएच 98, 83, 110, 107 के बारे में कहना चाहता हूं, जिनकी हालत बहुत खराब है।

अध्यक्ष महोदय : आपको रिपीट करने की क्या जरूरत है?

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, मैं इसलिए रिपीट कर रहा हूं, क्योंकि वहां की हालत बहुत खराब है। राट्रीय उच्च पथ बहुत जर्जर स्थिति में हैं। उन पथ पर चलना बहुत मुश्किल है।...(व्यवधान) महोदय, इसके लिए ध्यानार्काण भी आपने मंजूर कराया था।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री रघुनाथ झा आप उन्हें डिस्टर्ब कर रहे हैं।

श्री राम कृपाल यादव : पिछली बार आपने इस संबंध में ध्यानार्काण अप्रूव किया था और हमने विशेा रूप से चर्चा की थी और माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट किया था, *(Interruptions)**

MR. SPEAKER: This will not go on record.

श्री राम कृपाल यादव : मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वहां यथाशीघ्र काम प्रारंभ करवाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

MR. SPEAKER: Shri Varkala Radhakrishnan. How is your matter? It is a question of law. आफिस आफ प्राफिट क्या होगा, यह तो कानून में है।